राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार 10 मार्च 2024 ● फाल्गुन अमावस्या, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 322 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### बंगाल से बसों के माध्यम से धनबाद पहुंचती है लॉटरी, बोरी में पैक कर भेजी जाती हैं, हर लॉटरी संचालक का अलग है कोड

# बेलगड़िया व बलियापुर में रविकांत का साम्राज्य

रिजवान शम्स। धनबाद

धनबाद में अवैध लॉटरी के कारोबार में इलाका-दर इलाका अलग-अलग लोगों का साम्राज्य स्थापित है. अब तक आपने धनबाद, झरिया आदि इलाकों के लॉटरी माफियाओं को जाना है, आज हम बात करेंगे लोदना एरिया में रहने वाले रविकांत, रिंकू और गोस्वामी की. जिनका बेलगडिया से लेकर बलियापुर और लोदना समेत कई कोलियरी क्षेत्रों और आउटसोर्सिंग स्थलों पर कब्जा जमाए है. इनमें रविकांत सबसे बड़ा लॉटरी का अवैध कारोबारी है. जिसकी लॉटरी बेलगड़िया के मजदूरों और गरीब तबके के लोगों का खून चूस रही है.

*बरटांड बस स्टैंड, पूजा टाकिज और स्टेशन रोड में उतारी जाती है लॉटरियां*

वैसे तो लोदना के इस इलाके में भी समीर व तनवीर की लॉटरी बिकती है , लेकिन समीर के बाद यहां कोई अपना ब्रांड बेचता है तो वो है रविकांत, रविकांत लोदना का ही रहने वाला है और हाल के कुछ दिनों लॉटरी की कमाई से गदगद हो गया है. रविकांत को देखकर स्थानीय एक पूजा भंडार के मालिक गोस्वामी ने भी लॉटरी का कारोबार शुरू कर दिया. वो भी अपना ब्रांड और समीर का ब्रांड दोनों बाजार में उतारता है, रविकांत लोदना के एक बीसीसीएल क्वार्टर में लॉटरी का भंडारण करता है, करीब साठ हॉकर उसके ब्रांड की लॉटरी बेचते हैं, इन हॉकरों को वह उसी बीसीसीएल के क्वार्टर से ही लॉटरी की डिलीवरी करता है. सुबह उसके इस क्वार्टर में हॉकरों की भीड़ लगी रहती है. आसपास के लोगों के साथ लोकल पुलिस को भी सारी बातों की जानकारी है, बावजूद इसके पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती. कार्रवाई क्यों नहीं होती, ये सबको पता है.



### बंगाल की बसों से धनबाद पहुंचती है लॉटरी

धनबाद में बिकने वाली अवैध लॉटरी बंगाल में छपती है, ये बंगाल से आने वाली बसों से चिहिन्त जगहों पर उतारी जाती हैं. यहां से फिर लॉटरी माफिया के पास चली जाती है. इनमें बरटांड़ बस स्टैंड, धनबाद स्टेशन रोड आदि इलाके प्रमुख हैं. हालांकि पूजा टाकीज मोड़ में भी लॉटरी उतारी जाती है. बस वाले बताये इलाकों में लॉटरी गिरा देते हैं, हर लॉटरी संचालक का अलग कोड होता है, जो बोरे पर लिखा होता है, इसे देखकर ही धंधेबाज समझते हैं कि इस बोरे में किसकी लॉटरी है. इसके बाद टेंपो या किसी भाड़े की गाड़ी से लॉटरी को ठिकाने तक पहुंचा दिया जाता है. इन ठिकानों पर छापेमारी शायद ही कभी हुई है, क्योंकि लॉटरी भंडारण की जगह को लॉटरी माफिया काफी गुप्त रखते हैं.

### सटीक सूचना के बाद नहीं पहुंच पाई थी पुलिस

धनबाद के एक पुलिस अधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि जामाडोबा में एक स्थान पर अवैध लॉटरी की छपाई या भंडारण का काम किया जाता है. सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने यहां दबिश देने की कोशिश की. लेकिन पुलिस की कोशिश नाकाम रही. क्योंकि मौके पर काफी लोग जमा हो गए और पुलिस को कह दिया कि यहां कुछ होता ही नहीं, यहां तक कि जिस जगह पर अवैध लॉटरी की छपाई या भंडारण हो रही थी, वहां तक पहुंचने ही नहीं दिया गया. लोगों की इकट्ठी भीड़ देखकर पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा. ऐसे में आम पुलिस कर्मियों का इन इलाकों में जाकर छापेमारी करना और लॉटरी बरामद करना टेढ़ी खीर है.

**एक ट्रांसपोर्ट में भी गिरती है लॉटरी के बोरियां**

धनसार के एक ट्रांसपोर्ट में भी लॉटरी की बोरियां मंगाई जाती हैं. अंदर में लॉटरी रहती है और ऊपर में पुरानी किताबें और रद्दी कागजात रखे जाते हैं ताकि किसी को भी शक न हो और लॉटरी की बोरी धंधेबाज तक आसानी से पहुंच जाए.

## ब्रीफ खबरें

### लेवी नहीं देने पर मुंशी के साथ अपराधियों ने की मारपीट



**पांकी (पलामू)।** टइयां और जमुना के बीच पुल निर्माण कार्य चल रहा है. अपराधियों ने इसके लिए लेवी मांगी थी. लेवी की राशि नहीं देने पर अपराधियों ने ठेकेदार के मुंशी के साथ मारपीट की. इसकी जानकारी तरहसी और पांकी थाना पुलिस को दी गयी है. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

### 4 सड़क हादसों में 3 की मौत, 4 घायल

**गुमला।** गुमला में चार अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हैं. बसिया थाना क्षेत्र के महराजगंज के समीप हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. जिसमें गुमला के कोयनारा टोंगरी टोली निवासी किशोर करकेट्टा 33 वर्ष व हेमंत कुल्लू 32 वर्ष के नाम शामिल हैं. कुरकुरा थाना क्षेत्र के चंदनटोली मोड़ के समीप अज्ञात आटो की टक्कर से बाइक चालक ज्योतिष होरो 27 वर्ष की मौत हो गई. उसका साथी दिलीप होरो घायल है.

### गुमला में गर्भवती को जहर खिलाकर हत्या, केस दर्ज

**गुमला।** गर्भवती महिला की जहर खिलाकर हत्या कर दी गई है. यह मामला जिले के कतरी गांव में हुई है. जहां दहेज नहीं देने पर गर्भवती तरन्नुम खातून (19 वर्ष) को ससुरालवालों ने जहर देकर मार डाला. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है. मृतका के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं. पुलिस ने विवाहिता के पिता अंबवा गांव निवासी मो शमशेर अंसारी के लिखित आवेदन पर केस दर्ज कर लिया है. क्या है मामला मृतिका के परिजनों ने थाना में शिकायत करते हुए कहा कि मेरी बेटी तरन्नुम परवीन का विवाह जून 2023 में कतरी के तबरेज खान के साथ हुआ था.

### धनबाद पहुंचे आईजी-डीआईजी, पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# पुलिस के सामने गोली बम चलना गंभीर : आईजी

**तेतुलमुड़ी वारदात**

- धनबाद के आउट सोर्सिंग व कोल डंप में रंगदारी व
- नक्सल प्रभावित इलाकों में बेखौफ मतदान को लेकर

संवाददाता। धनबाद

पुलिस के सामने गोली-बम चलने काफी गंभीर बात है, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. उक्त बातें बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी माइकल राज एस ने कही. वे शनिवार को धनबाद चुनाव की तैयारी और अपराध नियंत्रण पर किए जा रहे कार्य की समीक्षा करने पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि धनबाद में आउट सोर्सिंग स्थलों पर होने वाली रंगदारी और गोली-बम की वारदातों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया है. आइजी के साथ बोकारो प्रक्षेत्र के डीआइजी सुरेंद्र झा भी साथ थे.

दोनों अधिकारियों ने धनबाद के एसएसपी एचपी जर्नादनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी समेत जिले के डीएसपी के साथ बैठक की. इस दौरान आइजी ने कहा कि चुनाव की रणनीतियां पर चर्चा हुई है. संवेदनशील बूथों से लेकर अन्य मुद्दों पर कई निर्देश दिए गए हैं. खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चुनाव के दौरान कैसी पुलिसिंग हो, इस पर व्यापक चर्चा हुई. टुंडी के इलाके में हेलीपैड बनाया जाएगा, ताकि मतदान कर्मियों और फोर्स की तैनाती बिना किसी दिक्कत के हो सके. नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की बूथों में संवेदनशशील, अतिसंवेदनशील बूथों की सूची तैयार की जा रही है, जहां अतिरिक्त बलों की तैनाती की जाएगी.



## ढुल्लू समेत पांच दर्जन नामजद और तीन सौ अज्ञात पर मुकदमा

**कतरास।** कोल डंप में वर्चस्व को ले दो पक्षों में हुए गोलीबारी व बमबाजी के मामले में जोगता पुलिस ने तीन प्राथमिकी दर्ज की है. इन केसों में एक में विधायक ढुल्लू महतो के अलावे 5 दर्जन लोगों को नामजद व 300 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है. पुलिस ने दो नामजद को जेल भेजा है. इनमें गोलू शर्मा उर्फ रोहित तथा लोयाबाद के बॉसजोडा के मनोज शामिल हैं. पहला केस पुलिस ने कोल डंप पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी बबलू दास की शिकायत पर दर्ज किया है. जिसमें अनुज सिन्हा, हरेंद्र चौहान, रीता देवी, सपना सिंह,नागराज, धीरज,रवि भुईयां, छोटू चौहान, बादल,राजु चौहान , राजा राम यादव , प्रकाश वर्मा, गणेश, छोटू रवानी, गोबिन्द उर्फा बुंदा , अन्य 50 नामजद सहित 250 अज्ञात के खिलाफ फायरिंग, बम विस्फोट, वाहन क्षतिग्रस्त कर देने की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. जबकि लोयाबाद थाना के बॉसजोडा के डीओ धारक के मुंशी मनोज कुमार की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दूसरी प्राथमिकी दर्ज की है. मनोज ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को विधायक ढुल्लू महतो के गुंडों द्वारा लोड कोयला ट्रक को रोक दिया गया. जिसमें नागराजा, सुनील,राजा राम, गोबिन्द उर्फ बुंदा , सुजित, श्री भुईयां,टोमु सिंह, दीपक श्रीवास्तव, सहित अन्य 35 नामजदों के खिलाफ शिकायत देते हुए रंगदारी मांगने, 35 हजार रुपए छीनने तथा बम गोली चलाने की शिकायत की है. जबकि ढुल्लू समर्थक राजा राम की शिकायत पर पुलिस ने तीसरी प्राथमिकी दर्ज की है. राजा राम ने शिकायत में कहा कि हम लोग धरने में बैठे थे. तभी अरुण चौहान, राज कुमार, सुरेश, जसीम, हरेंद्र चौहान,मोना, विशाल, अनुज सिन्हा सहित 22 लोग पहुंचे. सभी ने तलवार,लाठी से हमला किया. उक्त लोगों ने गोली बम भी चलाया. जिससे धारणा में बैठे लोगों में भगदड मच गई. पुलिस ने कुल 22 नामजद को आरोपी बनाया है.



*डीओ धारक के मुंशी मनोज कुमार की शिकायत पर आरोपी बनाए गए हैं ढुल्लू*

### कोल डंप में पुलिस तैनात, लोडिंग प्वाइंट पर आने-जाने पर पाबंदी



**कतरास।** जोगता थाना अंतर्गत बीसीसीएल एरिया पांच के तेतुलमुड़ी कोलडम्प में वर्चस्व को लेकर हुई बमबाजी और गोलीबारी की घटना के बाद शनिवार को घटनास्थल पर वीरानी छाई रही . घटना में शामिल लोगों की धरपकड़ के लिए शुक्रवार की देर रात से ही पुलिस लगातार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है. इसके साथ ही पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाई है, हालांकि शनिवार की सुबह एटक समर्थक लोडिंग प्वाइंट पर धरना देने पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने लोडिंग कार्य बंद रहने का हवाला देकर तथा वार्ता करवाने का आश्वासन देकर लोगों को लौटा दिया. ऐहतियातन के तौर पर कोलडंप में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है . लोडिंग कार्य पूरी तरह बंद रहा, लोडिंग प्वाइंट में आने-जाने पर रोक लगा दी गई है . इधर घटनास्थल का जायजा लेने दोपहर को धनबाद लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी दीपक कुमार तेतुलमुड़ी कोलडम्प पहुंचे. वहां मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली. कुछ प्रभावशाली लोग घटना में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं.उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी. इसी सम्बंध में स्थानीय स्तर पर तफ्तीश और वीडियो फुटेज का सहारा लिया जा रहा है.

**एसआइटी गठित, जांच के बाद होगी कार्रवाई : एसएसपी**

धनबाद एसएसपी एचपी जर्नादनन ने बताया कि तेतुलमुड़ी कोल डंप में हुई वारदात के बाद स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की गई. जिसे ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी नेतृत्व करेंगे. उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच के दौरान जो लोग भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी. यहां तक कि जो लोग दो या तीन से अधिक मुकदमे में आरोपी हैं, उनके खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत में छोड़ा नहीं जाएगा. उन्हें कुछ फुटेज मिले हैं, जो नकाब पहने हुए हैं, ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है. इनके पीछे कौन-कौन लोग हैं, उनपर भी कानून का डंडा गिरेगा, किसी को भी कानून तोड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी. गोपालीचक में हुई वारदात के बारे में बताया कि दर्जनों लोगों की सूचरी तैयारी की गई है, इनके खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई होगी.

### धरना दे रहे बाघमारा के रैयतों के समर्थन में उतरा झामुमो

# बाघमारा विधायक बाघमारा की जनता का शोषण कर रहे : नीलम

संवाददाता। धनबाद

रणधीर वर्मा चौक पर भाजपा विधायक ढुल्लू महतो के अत्याचार, दबंगई के खिलाफ एवं न्याय कि मांग को लेकर विगत 27 फरवरी से धरना दे रहे बाघमारा के आठ परिवारों के मांगों के समर्थन में झामुमो उतर गया. झामुमो धनबाद जिला जिला समिति जिलाध्यक्ष लखी सोरेन के नेतृत्व में धरने में शामिल हुआ. जिलाध्यक्ष द्वारा पीड़ित परिवार से मामले कि विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई. पीड़ित परिवार ने बताया कि भाजपा के बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो उन लोगों कि जमीन जबरन हड़पना चाहते हैं, इसलिए विधायक उन्हें प्रताड़ित कर रहें हैं हम सभी के घर का बिजली पानी बंद करवा दिया गया हैं हमारे आजिविका के साधन रामराज मंदिर के समीप दुकान के सामने तिरपाल लगा कर ढंक दिया गया हैं सारी साजिश हमारी जमीन हड़पने को लेकर हैं. मौके पर केंद्रीय सदस्य डॉ. नीलम मिश्रा ने कहा कि भाजपा विधायक के द्वारा लगातार बाघमारा कि जनता का शोषण किया जा रहा हैं. झामुमो के रहते इन परिवारों के साथ अन्याय नहीं होगा. उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं.



**शोषण ही विधायक का इतिहास रहा**

मौके पर जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने कहा कि झारखंड में जमीन बचाने की लड़ाई का बड़ा लम्बा इतिहास है. कोयला लूटना जमीन लूटना इनके लिए आम बात है. भाजपा विधायक की करतूत पूरा धनबाद देख रहा है. दुर्भाग्य हैं कि केंद्र की सरकार और केंद्रीय जांच एजेंसियों को ये नहीं दिख रहा हैं.मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य कंसारी मंडल, जिला उपाध्यक्ष लखन प्रमाणिक, संयुक्त सचिव तपन तिवारी, संगठन सचिव रामचन्द्र मुर्मू, कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू, महानगर अध्यक्ष मन्टू चौहान, पूर्व प्रंखड अध्यक्ष रतिलाल टुडू, महानगर उपाध्यक्ष बंटी सिंह,रामू मंडल,प्रवक्ता आकाश रवानी, जिला बीस सूत्री सदस्य राजू प्रमाणिक,छात्र मोर्चा जिला सचिव आज़ाद महतो, यूवा मोर्चा संयुक्त सचिव सुदाम रजवार रामगोविन्द राम,मल्य चंद्र महतो, निर्मल रजवार, ईश्वर मराण्डी, प्रकाश नोनिया, राजेन्द्र हेम्ब्रम, सद्दाम हुसैन, राजेश तुरी पवन माझी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.


एक बार फिर विधायक की करतूत से भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा उजागर हुआ है. एक विधायक के द्वारा इस प्रकार के कार्य कि जितनी भी निंदा कि जाए कम हैं. मौके पर जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि उक्त पूरे मामले को लेकर झामुमो जिला समिति उपायुक्त, एस एस पी से वार्ता करेंगे. साथ ही मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को अवगत कराएंगे. पीड़ित परिवार के साथ न्याय होगा झामुमो इन लोगों के साथ है.

## होली से पहले पीएम मोदी देंगे तीन वंदे भारत ट्रेन की सौगात

संवाददाता। रांची

झारखंड के लोगों के लिए अच्छी खबर है. झारखंड को एक और वंदे भारत की सौगात मिली है. आगामी 12 मार्च को रांची से तीसरी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत होगी. यह ट्रेन रांची से वाराणसी के बीच चलेगी. मीडिया को इस बात की जानकारी रेलवे अधिकारी निशांत कुमार ने दी. पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखा इसकी शुरुआत करेंगे.बता दें कि होली से पहले पीएम नरेंद्र मोदी देश को तीन और वंदे भारत का तोहफा देनेवाले हैं. ये तीनों ट्रेनें अगले हफ्ते से दौड़ना शुरू कर देंगी. खास बात यह है ये तीनों नई वंदे भारत चार राज्यों की राजधानियों को जोड़नेवाली हैं. यह चार राज्य हैं, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और झारखंड.

**रांची से वाराणसी जाना होगा आसान**



ट्रेन मूरी, बोकारो, राजबेरा, कोडरमा, गया, सासाराम, डीडीयू होते हुए बनारस तक पहुंचेगी. ट्रेन भोर में 5 बजकर 10 मिनट पर रांची से खुलेगी और दोपहर एक बजे वाराणसी पहुंचेगी. वाराणसी से शाम 4 बजकर 5 मिनट पर खुलेगी और उसी रात 11 बजकर 55 मिनट पर रांची पहुंच जाएगी. ट्रेन गुरुवार छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी.

### 50% डीए कटौती के खिलाफ सेलकर्मियों ने की हड़ताल

**किरीबुरु।** सेल किरीबुरु लौह अयस्क खदान के सेलकर्मियों ने काम ठप कर दिया. द्वितीय पाली के बाद से काम ठप कर खदान के मुख्य गेट पर जमा होकर सेल प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे. इस आंदोलन में सभी ट्रेड यूनियन के सेलकर्मी शामिल हैं. इसकी मुख्य वजह पिछला चुनाव कार्य संपन्न कराने के एवज में सेलकर्मियों को मिले फाइनल पैसे में से डीए के रुप में 0.50 फीसदी रकम की कटौती पहले ही काटा जाना है. सेलकर्मी सबसे ज्यादा जीएम एसआर स्वांय की कार्यप्रणाली व उनके व्यवहार से नाराज हैं. आंदोलन कर रहे सेलकर्मियों ने बताया कि काटे गये उक्त पैसे को वापस करने के लिए बीते वर्षों से कई दौर की वार्ता होती रही है. इसमें प्रबंधन सिर्फ आश्वासन या टालमटोल की नीति अपनाती रही है.

**फैसला** ग्रामसभा में पुलिस विभाग व भूतत्व विभाग को खूंटकट्टी सामुदायिक भूमि नहीं देने का हुआ निर्णय

# कुंदूबेड़ा में थाना या सीआरपीएफ कैंप के लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध

सुकेश कुमार । चाईबासा

सदर प्रखंड के कुंडुबेडा गांव में शनिवार को ग्रामसभा का आयोजन हुआ. इसमें सरकारी योजना जैसे थाना और सीआरपीएफ कैंप आदि के लिये गांव की जमीन नहीं देने का ऐलान किया गया. दरअसल सदर अंचल कार्यालय द्वारा नोटिस जारी कर ग्रामीणों से सरकारी योजना के लिए जमीन लेने संबंधी राय मांगी गयी थी. इसे लेकर यह बैठक हुई. इसमें जमीन नहीं देने के पक्ष में फैसला लिया गया.

ग्रामसभा की अध्यक्षता ग्रामीण मुंडा अर्जुन पुरती ने की. बैठक में कई प्रस्ताव पारित हुए. सदर



अंचलाधिकारी 26 फरवरी 2024 के तहत खाता संख्या-01, प्लॉट स०-1555, रकवा -1 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए नोटिस के आलोक में ग्रामसभा ने निर्णय लिया. कहा कि भूमि खूंटकट्टी सामुदायिक भूमि है. .यह हमारे पूर्वजों द्वारा जंगल, झाड़ व पहाड़ों को काट कर बनाया गया है. उस भूमि पर पहला हक ग्राम सभा का है. यह भावी पीढ़ियों के रोजगार के काम आयेगा. इसलिए श्रम अधीक्षक को जमीन नहीं देने का प्रस्ताव लिया. जो ध्वनि मत से पारित किया गया. वहीं 26 फरवरी को सदर सीओ द्वारा मौज़ा कुंडुबेडा खाता -01, प्लॉट न०1976 व 1980 रकवा-05.00 एकड़ भूमि पुलिस विभाग द्वारा अधिग्रहण करने संबंधी नोटिस के आलोक में ग्रामसभा ने निर्णय लिया. यह फैसला किया कि ग्रामसभा पुलिस थाना, पुलिस लाइन या सीआरपीएफ जैसी किसी भी संस्था को ग्राम कुंडुबेडा क्षेत्र में सीओ सदर द्वारा जारी नोटिस का विरोध करती है. पुलिस अधीक्षक, पुलिस थाना अथवा सीआरपीएफ जैसी संस्थाओं को एक इंच भूमि अधिग्रहण के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया. यह प्रस्ताव भी ध्वनिमत से पारित हुआ.

बैठक में कहा गया कि ग्रामसभा द्वारा पारित विरोध प्रस्तावों की लिखित जानकारी सदर अंचलाधिकारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी व उपायुक्त को भी दी जाएगी.

### जमीन पूर्वजों की है, इसे नहीं देंगे : सावैयां

बैठक में कोल्हान भूमि बचाओ समिति भी आमंत्रित थी. समिति के अध्यक्ष बिनोद कुमार सावैयां ने कहा कि सरकार की कोई जमीन इस मौज़ा में नहीं है, जो परती व खाली हो. यह जमीन सरकार ने नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों ने जंगल-झाड़ साफ कर खेती लायक बनायी थी. ऐसे में ये जमीन खाता संख्या-01 में कैसे दर्ज कर ली गयी. यह जमीन 1913-14 में हमारी थी, तो 1964 में बिहार सरकार अनाबाद कैसे हो गई. यह जांच का विषय है. सभी सरकारें बाहरी लोगों की लगातार बढ़ती आबादी के लाभ के लिए ही कार्य करती है. हम आदिवासी मूलवासियों के हक अधिकार को लूटने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं. सिंहभूम में भी आदिवासियों की जमीन लूटने में आदिवासी अधिकारियों, सांसद व विधायकों सभी की बराबर भागीदारी है. कहा कि हाल के दिनों 16 गांव से बनने जा रही 18 किलोमीटर रिंग रोड का निर्माण प्रस्तावित है. इसका प्रस्ताव देने वाली विगत दिनों कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा की टिकट पर लोकसभा चुनाव में आपको पुनः ठगने वापस लौट आई हैं. ऐसे समाज और समुदाय के गद्दार नेताओं को पहचानने की आवश्यकता है.

### रामगढ़ के 6 आदर्श विद्यालयों का होगा कायाकल्प

## 6 विद्यालयों को एसओई का दर्जा

संवाददाता। रामगढ़

जिले के अलावा अब प्रखंडों से आने वाले सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी निजी विद्यालय के बच्चों की तरह अंग्रेजी बोलेंगे. सरकार ने ऐसी व्यवस्था साधारण परिवार, गरीब, किसान व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बच्चों के लिए तैयार कर दिया है. इसके तहत ही प्रखंडों में स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी यानी उत्कृष्ट विद्यालय खोले जाने का मार्ग पूरी तरह से प्रशस्त हो गया है. इस कड़ी में जिले के पांच प्रखंड चितरपुर, मांडू, दुलमी, गोला व पतरातू प्रखंड से आदर्श विद्यालय के रूप में संचालित 6 विद्यालयों का राज्य की टीम द्वारा चयन किया गया है. इसमें पतरातू प्रखंड से दो विद्यालयों का चयन हुआ है. उन स्कूलों को अपग्रेड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. चयनित विद्यालयों को एसओई का दर्जा देकर सीबीएसई से मान्यता प्राप्त कर वहां सत्र 2025-26 से निजी विद्यालय के पैटर्न पर पठन-पाठन शुरू किया जाएगा.

**इन विद्यालयों का हुआ है चयन**

*चितरपुर : उत्क्रमीत उच्च विद्यालय, बड़कीपोना*
*दुलमी : उत्क्रमीत उच्च विद्यालय, चटाक*
*गोला : एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, गोला*
*पतरातू : मध्य विद्यालय, पतरातू व एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, पतरातू*
*मांडू : केजीबीभी, मांडू*

## ब्रीफ खबरें

### कुल्टी के अवैध कोयला खदानों पर चला डोजर

**धनबाद।** धनबाद के कुल्टी थाना क्षेत्र के बीसीसीएल दामागोड़ीया ओपनकास्ट कोयला खदान के बोड़ीरा पेच साइड में पुलिस एवं बीसीसीएल प्रबंधन ने डोजरिंग कर सभी अवैध रेट हॉल को बंद कर दिया. इस संबंध में बीसीसीएल सुरक्षा अधिकारी देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि कई बार कोलियरी प्राधिकरण द्वारा यह कार्रवाई की जाती है. बावजूद इसके बार-बार अवैध खनन के लिए रेट होल बनाकर कोयला खनन करना शुरू कर दिया जाता है. इस अवैध रेट होल में खनन के दौरान हमेशा धंसान का डर बना रहता है.

### मैथन में दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

**मैथन।** बैडमिंटन क्लब मैथन द्वारा डीवीसी श्रम कल्याण केन्द्र में शनिवार को दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू किया गया. टूर्नामेंट का उद्घाटन एमपीएल के सीएसआर हेड मृत्युंजय राय एवं मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. मौके पर अतिथियों ने कहा कि यदि खेल भावना से खेला जाये, तो यह खेल बहुत ही रोचक होता है. कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए.

### कनेक्शन काटे जाने पर मुखिया ने लिखा पत्र

**कतरास।** विधायक ढुल्लू के गांव चिटाही में आठ परिवारों के आवासों का बिजली, पानी कनेक्शन काटे जाने पर टुण्डू पंचायत के मुखिया विनोद नापित ने बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र संख्या एक के महाप्रबंधक को पत्र लिख है.पत्र के माध्यम से मुखिया ने अविलंब बिजली, पानी कनेक्शन जोड़ने की मांग की है. उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि एक विशेष व्यक्ति के प्रभाव में आकर कुछ असामाजिक तत्वों के लोगों ने गांव के आठ परिवारों के आवासों की बिजली पानी कनेक्शन बीते 25 जनवरी से काट दिया है.

### करंट से दो मजदूर झूलसे, एक की मौत

**निरसा।** शनिवार की दोपहर निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुगमा मोड़ स्थित मनोरंजन हाइवा बॉडी गैराज में दर्दनाक हादसा हो गया. 11 हजार तार की चपेट में आने से कंचनडीह गव निवासी दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए. जिस कारण नसीम नामक एक मजदूर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी. जबकि आजाद नामक दूसरे मजदूर को स्थानीय लोग उठाकर अस्पताल ले गए जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. सूचना मिलते ही निरसा पुलिस एवं ग़लफरबाड़ी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची ओर शव को उठाने का प्रयास किया लेकिन लोग मुआब्जे की मांग को लेकर शव उठाने से मना किया.

### हवाईअड्डा की मांग को लेकर डीसी को ज्ञापन

धनबाद । अभियान हवाईअड्डा का एक प्रतिनिधिमंडल पप्पू सिंह के नेतृत्व मे धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा से मिलकर हवाईअड्डा की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा . उपायुक्त ने अभियान के सदस्यों को सकारात्मक आश्वाशन दिया . कहा कि नए एयरपोर्ट के प्रस्ताव को सरकार तक वह अवश्य पहुंचाएगी.इधर पप्पू सिंह ने कहा कि हरेक मापदंड पर धनबाद नए एयरपोर्ट के लिए खड़ा उतरता है. धनबाद की जनता की दशकों पुरानी मांग राष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट ही है. धनबाद में बड़ी बड़ी संस्थाएं होने के बावजूद एयरपोर्ट नहीं होने के कारण बड़े डॉक्टर, प्रोफेसर, बुद्धिजीवी, वैज्ञानिक यहां आने से कतराते हैं .

## डीसी माधवी मिश्रा ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर दी जानकारी

# धनबाद विस के कई मतदान केंद्रों में बदलाव, भवन थे जर्जर

संवाददाता । धनबाद



धनबाद जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव की तैयारी में युद्ध स्तर पर जुटा है. जर्जर भवनों की वजह से कई मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है. इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि भवन जर्जर होने के कारण कई मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है. धनबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 345 समुदायिक भवन गोधर को बदलकर महाप्रबंधक कार्यालय कुसुंडा एरिया 6 कर दिया गया है. इसी प्रकार 347 बांग्ला प्राथमिक विद्यालय बसेरिया पूर्वी भाग को बदलकर उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसेरिया नंबर 2 कमरा नंबर 1, 348 कर दिया गया है. बंगला प्राथमिक विद्यालय बसेरिया पश्चिमी भाग को बदलकर उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसेरिया कमरा नंबर 2, 389, मध्य विद्यालय कुस्तौर नीचे भवन (पश्चिम भाग) को बदलकर मध्य विद्यालय कुस्तौर ऊपर भवन (पूर्वी भाग) किया गया है. मतदान केंद्र संख्या 172 को पर्यटन भवन कार्यालय धनबाद थाना के सामने से जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय (पुराना समाहरणालय परिसर) में स्थानांतरित किया गया है.

इसी प्रकार 39 निरसा विधानसभा क्षेत्र के 21, धनबाद विधानसभा क्षेत्र के 17, टुंडी विधानसभा क्षेत्र के 36 तथा बाघमारा विधानसभा के 12 बूथों के पुराने भवन के नाम में परिवर्तन किया गया है.

डीसी ने संबंधित अधिकारियों को जहां वोटर की संख्या अधिक है, वहां क्यू मैनेजमेंट के लिए बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया. बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एसडीओ उदय रजक, सभी एईआरओ, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, झामुमो के लक्खी सोरेन, आजसू के रतिलाल महतो, राजद के राजू यादव व मुमताज कुरैशी, कांग्रेस के महेंद्र कुमार दुबे, आम आदमी पार्टी के राजेश कुमार सहित अन्य दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

**खास बातें**

- क्यू मैनेजमेंट के लिए वेरिकेडिंग लगाने का निर्देश
- बैठक में अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे

## न्यूज अपडेट

### सांसद ने मोदी की गारंटी रथ को किया रवाना



**धनबाद।** यह देश भारतीय जनता पार्टी के हांथों में ही सुरक्षित है .प्रधानमंत्री भी यह गारंटी दे रहे हैं कि वह देश को विकसित भारत बनायेंगे. उक्त बातें धनबाद सांसद पीएन सिंह ने शनिवार को भाजपा के जिला कार्यालय में कही .वह लोकसभा चुनाव को लेकर संकल्प विकसित भारत मोदी की गारंटी रथ को रवाना करने पहुंचे थे . यहां से उन्होंने दो संकल्प विकसित भारत रथ को रवाना किया. जिसमें एक रथ धनबाद जिला महानगर की ओर से और दूसरा धनबाद जिला ग्रामीण की ओर रवाना किया गया.

### एटक ने किया दामोदा कोलियरी का चक्का जाम

**बाघमारा।** दामोदा कोलियरी के कर्मी डोमन महतो के जबरन सेवानिवृत्त के मामले को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत एटक समर्थकों ने शनिवार को कोलियरी का चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया.इस दौरान करीब दो घंटे तक दामोदा कोलियरी का उत्पादन एवं बरोरा क्षेत्र का डिस्पेच बाधित रहा . मामले की जानकारी देते हुए एटक के क्षेत्रीय सचिव संतोष गोराई व अध्यक्ष एनडी पाण्डेय ने बताया कि दामोदा कोलियरी के कर्मी डोमन महतो को सेवानिवृत्त के तिथि से पूर्व कंपनी जबरन सेवानिवृत्त कर दिया है जिसको लेकर एटक ने तीन बार कंपनी प्रबंधन से वार्ता कर जन्मतिथि में सुधार करने की मांग की. लेकिन कंपनी प्रबंधन लगातार सिर्फ आश्वासन दे रही है. जिसको लेकर आज चक्का जाम किया गया है.

### शारीरिक, मानसिक विकास के लिए खेल जरुरी : विधायक



**कतरास।** कतरास स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा जीएन एम हाई स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन शनिवार विधायक ढुल्लू महतो ने फीता काटकर किया. अपने संबोधन में विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि आज के आधुनिक युग में युवा पीढ़ी अपना अधिकांश समय मोबाइल में व्यतीत करते हैं, जो समाज व युवाओं के लिए ठीक नहीं है. खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरुरी है.

### ईसीआरकेयू ने महिला रेलकर्मियों को किया सम्मानित



**धनबाद।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की लाइन शाखा धनबाद ने पुराना स्टेशन स्थित शाखा कार्यालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया. यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष थे. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत बनर्जी ने की. जबकि मंच का संचालन जेके साव ने किया.

### जमीन अतिक्रमण का सीओ ने किया निरीक्षण



**मैथन।** बीएसके कॉलेज, मैथन के प्रिंसिपल और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिकायत पर शनिवार को एग्यारकुण्ड अंचलाधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी ने बीएसके कॉलेज मैथन पहुंचे और कॉलेज की जमीन पर किये जा रहे अतिक्रमण का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी मरांडी ने अतिक्रमण को सही पाया. कहा गया कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ ठोस कारवाई की जाएगी.

### भ्रष्टाचार के विरुद्ध धरने को जदयू ने दिया समर्थन



**बाघमारा।** पंचायत समिति सदस्यों द्वारा आयोजित बाघमारा प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना के छठे दिन शनिवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह धरना में शामिल हुए. इस दौरान पंचायत समिति सदस्य ने दीप नारायण सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया. अपने संबोधन में दीप नारायण सिंह ने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों के अनिश्चितकालीन धरना को जदयू पार्टी समर्थन करता है.

## झारखंड बनने के बाद मरीजों का इलाज करना स्वास्थ्य विभाग ने किया बंद

# 24 साल से धनबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं हो रहा इलाज

- सिविल सर्जन के अधीन हैं 173 स्वास्थ्य केंद्र

राजा गुप्ता । धनबाद

धनबाद शहर के लुबी सर्कुलर रोड स्थित धनबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 साल से मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है. झारखंड बनने के बाद धनबाद स्वास्थ्य विभाग ने पीएचसी में मरीजों का इलाज करना बंद कर दिया. हालांकि स्वास्थ्य विभाग के सरकारी फाइलों में धनबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुबी सर्कुलर रोड में हैं और वहां मरीजों का इलाज भी होता है. जबकि हकीकत यह है कि यहां सिर्फ नवजात बच्चों का संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए टीका लगता है. जिसमें खसरा, हेपेटाइटिस, बीसीजी, टेटनस, पोलियो और डीपीटी शामिल है.

सूत्रों के अनुसार सिविल सर्जन के अधीन एसएनएमएमसीएच से लेकर सदर अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र व स्वास्थ्य उपकेंद्र शामिल है. स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या 173 है. जिसमें एसएनएमएमसीएच और सदर अस्पताल में मरीजों की थोड़ी बहुत इलाज हो जाती है, बाकी स्वास्थ्य केंद्रों का भगवान ही मालिक है. 99 फीसदी स्वास्थ्य केंद्र रेफर अस्पताल बनकर रह गए हैं. स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों के जाते ही, वहां तैनात स्वास्थ्य कर्मी या नर्स मरीज सदर या एसएनएमएमसीएच में रेफर कर देते हैं. मरीज के परिजन को यह कह देते हैं कि यहां इलाज संभव नहीं है. मरीज को जान का खतरा हो सकता है. परिजन विवश होकर मरीज को गाड़ी से ले जाकर एसएनएमएमसीएच या सदर में भर्ती कर देते हैं.



**एसएनएमएमसीएच के सेंट्रल इमरजेंसी में स्ट्रेचर पर होता है मरीजों का घंटों इलाज**

मरीजों का कहना है कि धनबाद जिला का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच है. जिस पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च होता है, लेकिन यहां सेंट्रल इमरजेंसी में ही मरीजों का इलाज स्ट्रेचर पर होता है. बेड के लिए मरीज को घंटों इंतजार करना पड़ता है. इमरजेंसी में एक-दो सप्ताह तक मरीज पड़े रहते हैं, लेकिन उन्हें सामान्य वार्ड में नहीं भेजा जाता है. स्वास्थ्य कर्मियों से सेटिंग कर यहीं पड़े रहते हैं. जबकि 24 घंटे बाद इमरजेंसी से सामान्य वार्ड में भेजने का प्रावधान है. सेंट्रल इमरजेंसी में भले ही सीनियर डॉक्टर नहीं रहते हैं, लेकिन सीनियर या जूनियर रेजिटेंड जरूर रहते हैं, जो सीनियर डॉक्टर की तरह काम करते हैं. मरीजों को किसी तरह की परेशानी होने पर वे फौरन जाकर देखते हैं. वहीं दूसरी ओर इनडोर के सामान्य वार्ड में सिर्फ नर्स के भरोसे इलाज होता है, जहां मरीजों को काफी परेशानी होती है. 24 घंटे में सिर्फ एक बार ही सीनियर डॉक्टर सुबह में देखने जाते हैं.

**दो मंजिला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे होता था इलाज**

स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार लुबी सकुर्लर रोड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनबाद में 24 घंटे इलाज होता था. दो मंजिला स्वास्थ्य केंद्र में मेडिसिन व सर्जिकल समेत कई विभाग के चिकित्सक मरीजों का बेहतर इलाज करते थे. अस्पताल परिसर में काफी भीड़ रहती थी. स्वास्थ्य केंद्र के बाहर चाय-नाश्ते की दुकान भी थी. स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का इलाज बंद होते ही धीरे-धीरे सन्नाटा छा गया. कभी कभार विभाग की ओर से स्वास्थ्य केंद्र जागरुकता अभियान चलाया गया. अभी बच्चों को टीका देने के लिए टीका केंद्र बनाया गया है. जहां गोदाम में वैक्सीन रखा जाता है. इस केंद्र में कभी भी अधिकारी निरीक्षण करने नहीं आते हैं. सदर अस्पताल के एक-दो चिकित्सक कहते हैं कि जब यहां सदर अस्पताल है, तो कुछ दूरी पर पीएचसी का कोई औचित्य है. जबकि कचहरी रोड स्थित पुराने सदर अस्पताल के रहते पीएचसी बेहतर ढंग से चल रहा था. दोनों जगहों पर चिकित्सक, संसाधन व दवाओं की कोई कमी नहीं थी.

### भूदा में चोरों ने लाखों रुपए की चोरी कर ली

**धनसार ।** धनसार थाना क्षेत्र कृष्णा नगर भुदा मे शुक्रवार की रात चोरों ने वाटर सप्लायर इंद्रजीत सिंह के घर का ताला तोड़कर चार लाख की संपत्ति की चोरी कर ली.इस संबंध में भुक्तभोगी की पत्नी माला देवी ने धनसार थाना में शिकायत की है.पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है.माला का कहना है कि शुक्रवार को सपरिवार अपने बहन के घर शिवरात्रि मनाने मुनिडिह गए थे.शनिवार की दोपहर घर पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टुटा हुआ है.अंदर जाने पर पता चला कि चोरों ने आलमारी तोड़कर उसमें रखे 35 हजार नगद और चार लाख के जेवरात चोरी कर ली.इस क्षेत्र मे लगातार चोरी की घटना घटने से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है.

### महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कल ली

**धनसार ।** धनसार थाना क्षेत्र जोड़ाफाटक सुरेंद्र गली कालोनी में शुक्रवार की रात 42 वर्षीय अंजलि देवी ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.मामला पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है.सूचना मिलने के बाद धनसार पुलिस पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमसीएच भेज दिया.अंजलि की मौत के बाद पूरा परिवार मर्माहत है.मृतका के पति पिंटू शर्मा जोड़ाफाटक मे फर्नीचर का काम करता है.पिंटू ने पुलिस को बताया कि उसके दो पुत्र व एक पुत्री है.सभी अपने अपने कमरे में थे.जब मेरे 20 वर्षीय पुत्र प्रेम शर्मा खाना खाने के लिए अपनी मां को बुलाने उसके कमरे में गया तो देखा कि वह घर के पंखे में फंदे से लटक रही है.उसने इसकी सूचना दूरभाष पर दी.

# गर्मी में पेयजल की समस्या को टैंकर से दूर करेगा निगम

संवाददाता। धनबाद



आगामी गर्मी में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए नगर आयुक्त रविराज शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को जलापूर्ति से संबंधित अधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई. जिसमें निर्णय लिया गया कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत जलापूर्ति की समास्या से प्रभावित क्षेत्रों में पानी टैंकरों से जलापूर्ति की जाएगी. वहीं मेमको ईएसआर, मटकुरिया श्मशान, गुदरी मोहल्ला, सर्किट हाउस एवं गया पुल के पास नगर निगम एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा फिलिंग पॉइंट बनाया जाएगा . दस नये पानी टैंकर की खरीदारी के लिए भी बैठक में स्वीकृति दे दी गई है . सिन्दरी अंचल में गौशाला से डिनोबली मोड तक जलापूर्ति पाईप शिफ्टिंग के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं 1 धनबाद को एस्टीमेट बनाने का प्रस्ताव दिया गया. बसंत बिहार पूर्वी कुसुम बिहार में जलापूर्ति समस्या के निदान के लिए योजना द्वारा जलापूर्ति का प्रस्ताव दिया गया है. लोयाबाद के निमियाटॉड में जलापूर्ति के समस्या को दूर करने के लिए लोयाबाद से निमियाटॉड तक विभिन्न स्थलों पर जलापूर्ति पाईप के फ्लॉसिंग का प्रस्ताव दिया गया है. वार्ड सं 10 एवं 11 के बीएनआर कॉलोनी, अलकुशा, कुस्तौर एवं बीच बलिहारी क्षेत्र में एक दिन छोड़ कर जलापूर्ति की जाएगी.सिन्दरी अंचल के वार्ड सं.-49 स्थित नुनुडीह के मलिक टोला एवं विजयगढ़ में जलापूर्ति पाईप विस्तारीकरण के लिए सर्वेक्षण किया जाएगा.

### कोयला खदान को निजी हाथों में सौंपने की साजिश

**मधुबन।** खरखरी कोलियरी को एमडीओ के माध्यम से आउटसोर्सिंग कंपनी के हाथों में सौपने की सुगबुगाहट के बाद शनिवार को खरखरी कोलियरी में संयुक्त मोर्चा ने आक्रोश सभा आयोजित की. जिसमें खरखरी कोलियरी को आउटसोर्सिंग के हाथों में जाने से बचाने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया.इससे पूर्व संयुक्त मोर्चा की ओर से एमडीओ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की. सभा को संबोधित करते हुए बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम ने कहा कि एमडीओ भारत सरकार का और प्रबंधन की एक साजिश है. जिसमें कोलियरी को राष्ट्रीयकरण से निजीकरण की ओर ले जाने की साजिश हो रही है, जिससे मजदूर, ग्रामीण, किसानों को भारी नुकसान होगा और चंद पूंजी पतियों को मजबूत करने के लिए फिर से कोयला खदान को निजी मालिकों के हाथ में सौंपने का यह प्रयास है.

## रिकॉर्ड उत्पादन के लिए सीएमडी को मिली बधाई

# एचईएमएम ऑपरेटरों को मिलेगा प्रशिक्षण

संवाददाता । धनबाद



बीसीसीएल के कोयला भवन में कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता सीएमडी समीरन दत्ता ने की. उनके साथ निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय, निदेशक तकनीकी (संचालन) संजय कुमार सिंह, निदेशक-तकनीकी (परियोजना एवं योजना) शंकर नागाचारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे. इसके अलावा प्रबंधन की ओर से सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक तथा कोयला भवन मुख्यालय के सभी महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे. वहीं विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के रूप में सुरक्षा परिषद के सदस्यों में केआईएमपी के आरपी सिंह, बीसीकेयू के एएम पॉल, बीसीएमयू के आरके तिवारी, डीसीकेएस के उमेश कुमार सिंह, यूसीडब्ल्यूयू के शिशिर कुमार महतो तथा जेएमएस से अरविंद कुमार सिंह ने बैठक में भाग लिया. सुरक्षा समिति के सदस्यों ने कंपनी में सुरक्षा के साथ उत्पादन में वृद्धि और शून्य दुर्घटना का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपने उपयोगी और बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किये. कंपनी के इतिहास में पहली बार बीसीसीएल द्वारा रिकॉर्ड उत्पादन के लिए सीएमडी और प्रबंधन को बधाई दी.

**खास बातें**

- श्रमिक संगठनों के प्रतिनितियों ने बैठक में हिस्सा लिया
- शून्य दुर्घटना के लिए सभी ने अपने सुझाव दिए

**खदानों में उत्कृष्ट हॉल रोड का किया जाएगा निर्माण**

सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि ब्लॉक-2 के समान ही अन्य सभी खदानों में उत्कृष्ट हॉल रोड का निर्माण किया जाएगा. क्षेत्रीय स्तर पर सभी डिस्पेंसरी और अस्पतालों में डॉक्टरों एवं पारामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित होगी. बीसीसीएल में कैपेक्स बजट से दो सिम्युलेटर मशीनों को खरीद कर एचईएमएम ऑपरेटरों के गहन प्रशिक्षण प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. बीसीसीएल अपने सेफ्टी बोर्ड सदस्यों एवं अन्य कार्मिकों को श्रेष्ठ संस्थानों में सेफ्टी से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भेजता रहा है. कंपनी वीटीसी सहित अपने सभी प्रशिक्षण केन्द्रों को भी अपग्रेड कर रही है.

## लोक अदालत

## धनबाद में 85 हजार 803 विवादों का निपटारा किया गया,15 बेंचों का गठन किया गया था

# एक अरब 10 करोड़ 31 लाख 53 हजार 405 रूपए की रिकॉर्ड रिकवरी

संवाददाता। धनबाद

नालसा के निर्देश पर नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है ,नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है. हमारा संविधान हर लोगों को सामाजिक , आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है. जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं. बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है. इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है. साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है. लोगों में प्रेम ,शाति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है. अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है.

**खास बातें**

- लोक अदालत आम आदमी के हित के लिए होती है
- समरसता लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य होता है

**मौजूद थे ये न्यायाधीश**

न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी, हसन,अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश एसएन मिश्रा,लेबर जज प्रेमलता त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, आरके मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज राकेश रोशन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रगेश निगम ,प्रतिमा उरांव ,स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर फागुनी राम ,दिनेश सिंह ,कंज्यूमर फोरम की सदस्य शिप्रा समेत डालसा के पैनल अधिवक्ता जया कुमारी, संदीप कुमार ,पंचानन सिंह ,रंजन कुमार सिंह, चरणजीत प्रमाणिक, अभिजीत कुमार साधु, ,नीरज कुमार सिंह, तारकनाथ चौबे, ,अरविंद कुमार सिंह ,जमशेद काजी, महेंद्र गोप समेत बैंक के पदाधिकारी, सीनियर मैनेजर नीरज प्रकाश ,अभिषेक कुमार ,गौतम, रविकांत ,प्रणव कुमार मिश्रा इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

**दो घंटे में ही 19 हजार 960 विवाद निपटे**

मुकदमों के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 15 बेंच का गठन किया गया था. इस बाबत बताया गया कि नेशनल लोक अदालत के शुरू में केवल दो घंटे मे ही 19 हजार 960 विवादों का निपटारा कर दिया गया था. इसके बाद निष्पादन की गति और तेज हुई और शाम 4 :00 बजे तक 85 हजार 803 विवादों का निपटारा कर दिया गया. वहीं कुल एक अरब 10 करोड 31 लाख 53 हजार 405 रूपए की रिकॉर्ड रिकवरी की गई है.

## स्नातकोत्तर प्रशिक्षण शिक्षक भौतिकशास्त्र में चयनित

# दीपक कुमार पांडेय को ब्राह्मण कल्याण मंच ने किया सम्मानित

संवाददाता। बाघमारा



ब्राह्मण कल्याण मंच ने शनिवार को बकासपुर शिव मंदिर परिसर में सम्मान समारोह आयोजित स्नातकोत्तर प्रशिक्षण शिक्षक भौतिकशास्त्र में चयनित बकासपुर निवासी शिव मंदिर पुजारी नंदू पांडेय के पुत्र दीपक कुमार पांडेय को सम्मानित किया. इस दौरान मंच के पदाधिकारियों ने दीपक को शोल व पगड़ी पहनकर व गीता भेंट किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण मंच के अध्यक्ष अरविंद दुबे संचालक मास्टर उर्फ निरंजन पाण्डेय व धन्यवाद ज्ञापन एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पांडेय ने किया. कार्यक्रम के दौरान कल्याण मंच के पदाधिकारीयों ने कहा कि दीपक पांडेय ने अपनी लगन के बल पर परिवार सहित समाज का नाम रोशन करने का काम किया है. कहा गया कि समाज के हर वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के साथ कल्याण मंच का एक एक सदस्य मजबूती के साथ खड़ा है.

▼ ब्रीफ खबरें

### साइकिल की चपेट में आने से वृध्द की मौत

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद-गिरीडीह मार्ग पर बरसोली के पास कोयला लदे साइकिल की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय वृध्द मो शाहजहां परवेज़ उर्फ मुन्ना की मौत हो गई. मृतक बेंगाबाद थाना क्षेत्र के कर्णपुरा पंचायत के आस्था का रहने वाला था. जबकि इस दुर्घटना में अमजो का रहने वाला एक कोयला मजदूर बालेश्वर यादव घायल हो गया है. घायल मजदूर को इलाज के लिए धनबाद रैफर कर दिया गया है. घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक ग्रामीण चिकित्सक के रूप में काम करता था. वह अपनी साइकिल से बारासोली की तरफ जा रहा था.

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**साहिबगंज।** शनिवार को आगामी लोकसभा आम चुनाव- 2024 के मद्देनजर शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निदेशानुसार नगर परिषद साहिबगंज में कार्यक्रम किया गया. जिसमें पहले चरण में सखी मंडल की महिलाओं के साथ निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई और आने वाले दिनों में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा पर वार्ता की गई. इस अवसर पर सखी मंडल की सदस्य महिलाओं के साथ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डाईत सहित अन्य सभी कर्मी उपस्थित थे.

### विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**पाकुड़।** विधायक दिनेश मरांडी ने अमड़ापाड़ा अंतर्गत आरईओ मोड़ से बांधकोइ कोल टोला तक सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया. 3.40 किमी लम्बी इस सड़क की प्राक्कलित राशि 3.39 करोड़ है. वहीं 3.5 किमी लम्बी बरदहा स्कूल टोला से डूमरचीर तक व अमरभीट्ठा से दसगौड़ा तक की 1.60 करोड़ की लागत से निर्माण होने वाले सड़क का शिलान्यास किया. शिलान्यास के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे , जहां विधायक का पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया. वहीं विधायक के समक्ष ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा.

### साहिबगंज पुलिस की अपराध नियंत्रण गोष्ठी

**साहिबगंज।** पुलिस लाइन के पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सीसीटीएनएस कक्ष में शनिवार को मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई. इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने की. अपराध गोष्ठी में पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने सभी थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने व अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए. उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की ज़रूरत है. किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें.

### गंगा समिति की बैठक में प्रतिवेदन पर चर्चा

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने किया. मौके पर अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार उपस्थित थे. बैठक में नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) आवेदन के तहत पारित आदेश के अनुपालन को लेकर अब तक की गई कार्रवाई एवं पूर्व में इसको लेकर आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा की गई.

---

**डीपीएस : अब युवाओं को दिया जा रहा तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण**

## तीन महीने में तीन दर्जन बेटियों को बनाया हुनरमंद

**संवाददाता। बोकारो**



झारखंड की शैक्षणिक राजधानी बोकारो की गरिमा में लगातार चार चांद लगा रहे दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो की पहचान एक उन्नत कौशल विकास केन्द्र के रूप में भी बन चुकी है. विद्यार्थियों के समग्र विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर कटिबद्ध यह विद्यालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों के अनुरूप कुशल युवाओं की पीढ़ी तैयार कर कुशल भारत के निर्माण में सतत प्रयासरत है. विद्यालय को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 3.0 के बाद 4.0 के लिए भी केन्द्र के रूप में चयनित किया गया है. पीएमकेवीवाई 3.0 की सफलता को देखते हुए डीपीएस बोकारो को 4.0 के लिए भी स्किल हब के रूप में अधिकृत सेंटर चुना गया है. इसके तहत आज यहां दर्जनों युवा ग्राफिक डिजाइन और ई-वेस्ट प्रबंधन के गुर सीखते हुए स्वावलंबन की राह पर बढ़ चले हैं.

**जिसके पास हुनर, उसके लिए काम की कमी नहीं : डॉ. एएस गंगवार**



विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने कहा कि डीपीएस बोकारो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सामुदायिक विकास की दिशा में भी तत्पर है. इसी कड़ी में यहां पीएमकेवीवाई के तहत स्किल हब का संचालन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जिसके पास हुनर है, उसके लिए काम की कोई कमी नहीं है. उन्होंने कुशल युवाओं की पीढ़ी तैयार करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नवोन्मेषी पहलों को अनुकरणीय व सराहनीय बताया.

**चिकनकारी का गहन प्रशिक्षण :** उल्लेखनीय है कि पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत स्किल हब में डीपीएस बोकारो तीन महीने के भीतर अपने खर्च से लगभग तीन दर्जन बेटियों को हुनरमंद बना चुका है. चास, रानीपोखर, गुमला कॉलोनी सरीखे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की युवतियों को सिलाई-कढ़ाई, कशीदाकारी की कला चिकनकारी का गहन प्रशिक्षण दिया गया. आज उनमें से अधिकतर युवतियां अपना खुद का सिलाई सेंटर खोलकर या घर बैठे ही हस्तशिल्प का काम करते हुए अच्छी आमदनी प्राप्त कर रही हैं. अब पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत दो ट्रेड के लिए यहां स्किल हब चलाया जा रहा है. एक के तहत ग्राफिक डिजाइनर और दूसरे में ई-वेस्ट हैंडलर संबंधी तकनीक विशेष प्रशिक्षकों द्वारा सिखाई जा रही है.

**ग्राफिक डिजाइन का कोर्स** विद्यालय के समुन्नत कंप्यूटर लैब में युवक-युवतियों को ग्राफिक डिजाइन का कोर्स कराया जा रहा है. रोजाना दो घंटे की क्लास होती है. इस कोर्स के तहत प्रशिक्षुओं को डिजाइन, फ्लेक्स व बैनर निर्माण सहित अन्य क्रिएटिव आर्ट सीख रहे हैं. अगले चरण में विज्ञापन डिजाइन, मैग्जीन डिजाइन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा.

### 'सभी दलों ने कुशवाहा समाज की उपेक्षा की है'

जमुआ (गिरिडीह)। कुशवाहा समाज की बैठक शनिवार को सियाटांड़ में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता संजय विकाश कुशवाहा ने किया. बैठक में मुख्य रूप से कुशवाहा समाज ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की. बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कुशवाहा समाज के द्वारा सभी राजनीतिक पार्टी को सींचने का काम किया है, चाहे बीजेपी,कांग्रेस, झामुमो सहित कोई भी राजनीतिक पार्टी क्यों ने हो. लेकिन जब भी चुनाव की बारी आती है तो राजनीतिक पार्टी कुशवाहा समाज को नजर अंदाज करती है. शिव कुमार ने कहा कि कोडरमा, चतरा, हजारीबाग सहित कई लोकसभा क्षेत्र में कुशवाहा बाहुल्य क्षेत्र है. उसके बाद भी सभी राजनीतिक दलों ने कुशवाहा समाज को उपेक्षित किया है. अगर पार्टी इस पर विचार नहीं करती है तो हम लोग दूसरा विकल्प ढूंढने के लिए तैयार है.

---

**मंत्री ने जिले में संचालित राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की**

## योग्य लाभुकों को मिले अबुआ आवास का लाभ : आलमगीर

**संवाददाता। साहिबगंज**



ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने शनिवार को साहिबगंज जिला परिसदन में अधिकारियों के साथ बैठक में जिले में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को योग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ प्राथमिकता के आधार देने का निर्देश दिया. कहा गया कि आवास आवंटन में आरक्षण नियमों का पालन करें. उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों व पारा मेडिकल स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें. जिन स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर की कमी है, वहां जल्द डॉक्टर की बहाली कराने का प्रस्ताव दें.

वहीं, पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता गोविंद कच्छप को सभी पंचायतों में 10-10 चापानल लगवाने और खराब चापानलों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया. मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुपालन, भूमि संरक्षण, कृषि, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, सामाजिक सुरक्षा, श्रम, उद्योग, उत्पाद, खेल विभाग, गव्य विकास, पंचायती राज, जल छाजन, योजना, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, आपूर्ति, पथ निर्माण, लघु सिंचाई, आरईओ, गंगा पंप नहर आदि विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की. मौके पर डीडीसी सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता विनय कुमार मिश्र, सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

**खास बातें**

- आवास आवंटन में आरक्षण नियमों का पालन किया जाए
- मेडिकल स्टॉफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चत किया जाए

### प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर का कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत



**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर का बेंगाबाद के चपुआडीह के समीप मुंढेरी मोड़ पर जोरदार स्वागत किया गया. इस दौरान मीर के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे. कांग्रेस नेता सह चपुआडीह पंचायत के मुखिया मो. शमीम के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का अभिनंदन किया. लोकसभा चुनाव को लेकर दोनों नेता गिरीडीह से देवघर जाने के क्रम में कुछ देर यहां रूके थे. इस दौरान गुलाम अहमद मीर और राजेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से कुछ देर बात की. फिर देवघर के लिये निकल गये. मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष धन्नजय सिंह, क्यामुल हक, अकबर अंसारी, जाकिर हुसैन समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

---

**विरोध में शव के साथ नेशनल हाइवे को जाम किया**

## बुलेट की चपेट में आकर युवक की मौत

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**



बेंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित बिशनपुर मोड़ के पास शुक्रवार शाम बुलेट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी. युवक की पहचान देवघर के श्रीद्रांगा निवासी कांग्रेस दास (30 वर्षीय) के रूप में हुई है. परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग और बुलेट चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को शव के साथ बेंगाबाद मधुपुर मार्ग एनएच 114 ए को जाम कर दिया. एनएच जाम होने की सूचना पर बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और अक्रोशितों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया. लेकिन सभी जिद पर अड़े रहे. करीब डेढ़ घंटे बाद चालक के खिलाफ कार्रवाई और मृतक के आश्रितों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने की बात पर ग्रामीणों ने जाम हटाया.

**घर लौटने के दौरान हुआ हादसा :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि कांग्रेस दास शुक्रवार की शाम सड़क पार कर रहे थे. इसी दौरान एक बुलेट ने उनको धक्का मार दिया. जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी. हादसे के बाद चालक घटनास्थल पर ही बुलेट छोड़ फरार हो गया. बताया जाता है कि कांग्रेस दास ने बेंगाबाद के डूमरजोर में अपना घर बनाया था. वह पत्नी के साथ यही आया था. शुक्रवार शाम को पत्नी के साथ वह चपुआदीह बाजार की तरफ गया था. घर लौटने के क्रम में यह हादसा हो गया.

**मुखिया ने पांच हजार रु.की आर्थिक मदद की**

इधर घटना की सूचना पाकर चपुआडीह पंचायत के मुखिया मोहम्मद शमीम मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढाढ़स बंधाया. मुखिया ने मृतक के आश्रितों को तत्काल पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद की.

### 12 को मोदी साहिबगंज में उद्घाटन करेंगे

**साहिबगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मार्च को साहिबगंज रेलवे स्टेशन में ऑनलाइन रेलवे के कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. उद्घाटन को लेकर साहिबगंज रेलवे की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है. एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत जन औषधि केंद्र,कार्गो टर्मिनल इत्यादि का उद्घाटन किया जायेगा. वहीं मालदा रेल डिवीजन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिलेवासियों से उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है.

### केंद्र सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएं कार्यकर्ता : लक्ष्मण

**धनवार (गिरिडीह)।**

भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शनिवार को धनवार प्रखंड के बरजो स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. उन्होंने कार्यकर्ताओं से लाभार्थियों के घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने की अपील की. कहा गया कि लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं, ताकि चुनाव में भाजपा को पूरे देश में 370 और एनडीए को 400 से अधिक सीटें मिल सकें. बैठक में कुछ लोगों ने अपनी समस्या भी बताई, जिसका तुरंत निदान भी किया गया. मौके पर नकुल राय, श्रीकांत राय, पवन सिंह, साजन कुमार साव,परमानंद यादव, महेश यादव, राजेश यादव, मीना कुमारी, ममता कुमारी, गिरिजा देवी, मनोज कुमार, रामचंद्र यादव आदि उपस्थित थे.

---

### हरी झंडी दिखा कर बच्चों को प्लेसमेंट के लिए रवाना किया



▪ मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में प्रशिक्षण

**संवाददाता। साहिबगंज**

शनिवार को झारखंड सरकार की रोजगारमुखी योजना मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत दिनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, साहेबगंज जिला अंतर्गत बड़ा लोहंडा में एसजीआरएस एकेडमिक पीवीटी लिमिटेड की ओर से स्विंग मशीन ऑपरेटर में प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों को तिरुपुर स्थित विस्वाल निट अपेरल में प्लेसमेंट के लिए झारखंड सरकार के मंत्री संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं एनआरईपी, विशेष प्रमंडल सहित आलमगीर आलम , उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,अपर समाहर्ता विनय कुमार मिश्र, डीएसओ धीरेंद्र नाथ महतो ने हरी झंडी दिखा कर बच्चों को प्लेसमेंट के लिए रवाना किया.ज्ञात हो कि कुल 143 युवतियों को विस्वाल निट अपेरल द्वारा नौकरी के लिए ऑफर किया गया है. जिसमें 58 युवतियां पहले चरण में प्लेसमेंट में जा रही है.

**व्यवहार न्यायालय साहेबगंज में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन**

## अदालत में 2469 विवादों का निष्पादन किया गया

**संवाददाता। साहिबगंज**



शनिवार को यहां राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मनोज कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय संजय कुमार उपाध्याय, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव,अपर समाहर्ता विनय कुमार मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम, धीरज कुमार, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, सचिव विजय कुमार करण ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस दौरान साहिबगंज के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि लोक अदालत में दोनों पक्ष जीतते हैं, यहां किसी भी पक्ष की हार नहीं होती है. वहीं बल्कि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी भागीदारी से आपसी समझौता के आधार पर मामलों का त्वरित निस्तारण अपनी-अपनी शर्तों के आधार पर करवाते हैं. यह ऐसी व्यवस्था है जहां कोई भी सुलहनीय मामले को आपस में मिल बैठ कर उसका निष्पादन कर सकते हैं. उन्होंने अधिवक्ताओं से विशेष रूप से कहा कि वादी दीवानी मामलों में भी फ्री में कोर्ट फी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन करें, पात्र लोगों को मुफ्त में कोर्ट फी भी उपलब्ध कराई जायेगी. वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने अपने संबोधन में कहा कि त्वरित व समय बंधन के साथ न्याय दिलाने के उद्देश्य से ही लोक अदालत की शुरूआत की गई है.

**खास बातें**

- लोक अदालत में दोनों पक्ष जीतते हैं : न्यायाधीश
- समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण भी कायम रहता है : कुमार गौरव

### पाकुड़ लोक अदालत में 6474 वादों का निपटारा किया गया

**संवाददाता। पाकुड़**

झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवाहार न्यायालय पाकुड़ में किया गया.

इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष बाल कृष्ण तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राधा कृष्ण, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. मोहिउद्दीन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया. लोक अदालत में 6474 वादों का निष्पादन किया गया तथा 3 करोड़ 37 लाख 54125 रुपए का समझौता किया गया.

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने अपने वाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलह समझोता कर अपने और न्यायालय के समय को बचाए. राष्ट्रीय लोक अदालत में वाद को निपटारा कर समय, खर्च और परेशानी से छुटकारा मिलती है. कोई भी मामला अगर कोर्ट पहुंचता है तो लोगों के कई तरह से खर्च और परेशानी बढ़ने लगती हैं. ऐसे में मामला न्यायालय तक न पहुंचे इसके लिए गांवों में ही निपटारा करना बेहतर है.

---

**तिसरी** | **प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा व गिरिडीह जिलाध्यक्ष रहे मौजूद**

## 'आप' की बैठक में लोगों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान

**तिसरी (गिरिडीह)।**



तिसरी अग्रवाला उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को आम आदमी पार्टी की एक बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता राहुल राजू मंडल ने की.

इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा और गिरिडीह के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर यादव ने भाग लिया. मुख्य अतिथि कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी व्यवस्था की राजनीतिक करती है. हम आज आह्वान करने आए हैं कि जब तक पंचायत स्तर के छात्र, मजदूर और किसान राजनीतिक में नहीं आएंगे तब तक जो चालाक लोग हैं वह आपसे झूठा वादा करते रहेंगे और झूठा घोषणा पत्र में उलझाते रहेंगे. जो नेता झूठे वादे करते हैं सरकार में आएंगे तो काले धन लाएंगे. आपके अच्छे दिन आने वाले हैं ऐसे नेता से होशियार हो जाएं. हम पंचायत स्तर से युवा किसान मजदूर सभी को जागरूक करने के लिए आए हैं. बिना राजनीति के कोई काम जल्द नहीं होता है. किसी बच्चे को अच्छी शिक्षा देना है वह राजनीतिक तय करती है, अगर किसी किसान तक पानी पहुंचाना है वह राजनीतिक तय करते हैं, किसी नौजवान को नौकरी देनी है वह राजनीतिक तय करते हैं. हम प्रखंड के छात्र, किसान , मजदूर सभी राजनीति में आइए और झूठे वादों में मत पड़िए. आम आदमी पार्टी झूठा वादा नहीं करती है. प्रखंड अध्यक्ष राजू मंडल ने कहा कि इस पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल दिल्ली में गली मोहल्ले में घूम-घूम कर लोगों से हाथ मिलाकर लोगों को इस पार्टी से जुड़ने के लिए कहते थे और आज देखिए उसका परिणाम है कि दिल्ली में आम आदमी की पार्टी की सरकार है. आम आदमी पार्टी बड़ी पार्टी नहीं गरीबों की पार्टी है. इस पार्टी में सभी को सम्मान मिलता है. मौके पर रुस्तम अंसारी , परवेज आलम, मुकेश हसदा, विनोद राय, मंसूर अंसारी, प्रशांत यादव, राहुल शर्मा मौजूद थे.

**खास बातें**

- हम सभी को जागरुक करने के लिए आए हैं
- राजनीति में आइए और झूठे वादों में मत पड़िए

**हादसे को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

## अडानी पावर में ब्लास्ट, वाहन क्षतिग्रस्त

**संवाददाता। गोड्डा**



अडानी पावर की जिला मुख्यालय से सटे ग्राम मोतिया स्थित अडानी पावर में लगे संयंत्र में बीती रात भीषण हादसा हुआ. विद्युत उत्पादन कार्य के लिए लगाई गई मशीन हाइड्रोबिन में भीषण ब्लास्ट हो गया. ब्लास्ट की भयावहता इसी से समझा जा सकता है कि इसके मलवे से दबकर तीन हाइवा दो फोकलेंन ओर एक हाइड्रा मशीन दबकर पूरी तरह से बर्बाद हो गया. हाइड्रोबीन करीब पच्चीस से तीस फीट ऊंचा टावर था जिसमें डस्ट का अवशोषण होता था. देर रात करीब साढ़े बारह बजे के बाद यह हादसा हुआ जिससे जान माल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ. हालांकि इस हादसे पर कंपनी की ओर कोई बयान नहीं आया है और न ही कोई पदाधिकारी इस मामले में कुछ बोलने को तैयार है. कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है मगर दबी जुबान से सभी हादसे को स्वीकार कर रहे हैं. अडानी कंपनी से जुड़ी कोई भी खबर तब तक चहारदीवारी से बाहर नहीं आती है जब तक कि अधिकारी न चाहे. वैसे इस हादसे के बाद अगल बगल के ग्रामीणों में डर व्याप्त है. ग्रामीणों का कहना है कि अभी कंपनी को चालू में एक एक वर्ष भी नहीं हुए है कि ऐसे भयंकर हादसे होने लगे हैं.

विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में 'अंडरस्टैंडिंग वूमेन' विषय पर कार्यशाला, वक्ताओं ने रखे अपने-अपने विचार

# प्रत्येक घर से प्रारंभ हो महिला सशक्तीकरण : डॉ. मार्गरेट लकड़ा

संवाददाता। हजारीबाग



**महिला दिवस**

- महिलाओं को उचित सम्मान और अधिकार देने पर चर्चा
- व्यक्तित्व के आधार पर हो महिलाओं की पहचान : बालेश्वर

विनोबा भावे विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के सभागार में महिला दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुकल्याण मोइत्रा के सुझाव पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. मार्गरेट लकड़ा ने किया. कार्यशाला का विषय 'अंडरस्टैंडिंग वूमेन' अर्थात 'महिलाओं को समझो' रखा गया था.

अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. मार्गरेट लकड़ा ने कहा कि समय आ गया है कि महिलाओं को उचित सम्मान मिले और उन्हें उनके अधिकार सहजतापूर्वक उपलब्ध कराए जाएं. महिलाओं को सर्वाधिक दुख तब होता है, जब उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव किया जाता है. महिला सशक्तीकरण का अभियान प्रत्येक घर से प्रारंभ करने की जरूरत है. उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को भी अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है. अपने अधिकारों के लिए इन्हें अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी.

प्रो. बालेश्वर प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में दो प्रकार के नारीवादी आंदोलनों की चर्चा की. उन्होंने कहा कि महिलाओं की पहचान अपने पिता, पति या पुत्र के नाम पर नहीं, अपितु उनके स्वयं के व्यक्तित्व के आधार पर होनी चाहिए. महिला और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं. उन्होंने यह भी कहा कि जिस दिन महिला दिवस मनाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, वही दिन महिला सशक्तीकरण के इतिहास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण दिन होगा.

इस अवसर पर विभाग की विद्यार्थी श्वेता कुमारी, हिना कौशर, सुरभि कुमारी, विधि कुमारी, अनन्या शर्मा, किरण कुमारी, कुमारी गंगा दास, तेजस्वी कुमारी, साक्षी कुमारी, वीरेंद्र कुमार, विवेक विद्यार्थी, रंजीत कुमार एवं सोनल कुमारी ने अपने-अपने विचार रखे. कार्यक्रम का संचालन इंस्पायर फेलो श्वेता कुमारी ने किया. डॉ अजय बहादुर सिंह ने सबका स्वागत किया तथा शोधार्थी रुखसाना बानो ने धन्यवाद ज्ञापित किया.

## वन विभाग व डाडीकलां पुलिस ने पोस्ते की फसल नष्ट किया

संवाददाता। बड़कागांव

**कार्रवाई जारी**

- बड़कागांव सीओ बालेश्वर राम के नेतृत्व में चला अभियान
- अफीम की खेती करनेवालों पर होगी कार्रवाई : एसडीपीओ

प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती वन क्षेत्र पंदनवाटांड में वन विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाकर लगे अफीम की खेती को नष्ट किया गया है. हजारीबाग पश्चिमी सहायक वन पदाधिकारी एके परमार और बड़कागांव रेंजर कमलेश सिंह के निर्देशानुसार बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के नेतृत्व में अभियान चलाया गया. एक दिन पहले खबर प्रकाशित होने के बाद माफिया ने आधे से ज्यादा फसल उखाड़ कर नष्ट कर दिया गया था.

इस मामले में एके परमार ने कहा कि पोस्ते की खेती करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वहीं, बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने कहा कि पोस्ते की खेती करने वालों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी. इस अभियान में बड़कागांव वनपाल संतु कुमार, विनोद बेसरा, डाडीकलां थाना प्रभारी पिंटू कुमार, वनरक्षी मृणाल भास्कर, अजय कुमार यादव, जगरनाथ रजवार, केशव महतो, संतोष रजक, महेश दास, अमर साहू के अलावा बड़कागांव तथा हजारीबाग सदर वन क्षेत्र के वनकर्मी एवं थाना के जवान शामिल थे.

### ब्रीफ खबरें

#### अकेला ने दो किचन शेड की आधारशिला रखी

**चौपारण।** बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने शनिवार को प्राथमिक विद्यालय सेवई और प्राथमिक विद्यालय पिपराडीह में किचन शेड का शिलान्यास किया. दोनों गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने माला पहनाकर विधायक का भव्य स्वागत किया. इसके अलावा बरही विधायक ने रामपुर पंचायत के ग्राम पेटुला में 200 केबी के ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया. इस अवसर पर विधायक अकेला ने कहा कि हमारी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है. उद्घाटन समारोह में रामपुर मुखिया सुनीता देवी, शंभु यादव, संजय यादव, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे.

#### योगा एंड नेचुरलपैथी में 15 मार्च तक नामांकन

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के योग केंद्र में नए सत्र 2023-2025 के लिए मास्टर ऑफ आर्ट्स इन योगा एंड नेचुरलपैथी में नामांकन जारी है. चांसलर पोर्टल पर 25 फरवरी से शुरू हुई प्रक्रिया 15 मार्च तक चलेगी. वहीं, काउंसलिंग की तिथि 16 से 19 मार्च तक निर्धारित है. चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन और सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन 21 से 24 मार्च तक होगा. किसी भी विषय में 45% अंक के साथ स्नातक किए हुए विद्यार्थी चांसलर पोर्टल के द्वारा नामांकन ले सकते हैं. इसकी सूचना विभाग के निदेशक द्वारा दी गई. उन्होंने कहा कि नामांकन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है. उन्होंने नामांकन के लिए अभ्यर्थियों से तय तिथि में नामांकन प्रपत्र भरने को कहा है.

#### प्रशिक्षण में किसानों ने सीखे उन्नत कृषि के गुर

**हजारीबाग।** कृषि प्रोद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), कोडरमा के सहयोग से समर्पण संस्था द्वारा जन विकास केंद्र, हजारीबाग में किसानों के दक्षतावर्धन के लिए पांच दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण में 25 किसानों ने भाग लिया. इस दौरान किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई. समर्पण के सचिव इंद्रमणि साहू ने कहा कि खेती और मिट्टी से जुड़ने से तकदीर बदलती है. रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटकने से बेहतर हैइ कि खेती के लिए मिट्टी को गले लगा लेना. ऐसा करने से आप कई लोगों को रोजगार दे पाएंगे. वहीं, जन विकास केंद्र के फादर टोनी ने कहा कि आज सभी रासायनिक खेती की ओर अग्रसर है, जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति के लिए काफी घातक है.

बूथों के भवन परिवर्तन पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा

# ईसी को 5 प्रस्ताव भेजे गए

संवाददाता। हजारीबाग



**चुनाव तैयारी**

- बूथों के नाम व भवन परिवर्तन को लेकर मिले हैं सख्त निर्देश
- डीसी ने सभी बूथों में न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं देने को कहा
- नये मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया जारी

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने आज 9 मार्च को विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर बैठक की. इस दौरान मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव में प्रयोग किए जाने वाले मतदान केंद्रों के नाम तथा भवन में बदलाव या परिवर्तन को लेकर विचार-विमर्श किया गया. बताया गया कि इस बार बूथों के नाम व भवन परिवर्तन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने सख्त निर्देश दिए हैं.

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अतिमहत्वपूर्ण व विशेष परिस्थिति में ही जिले भर के अधिकतम पांच बूथ के भवनों में परिवर्तन संभव हो सकेगा. बैठक में एईआरओ द्वारा भवनों के परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से पांच प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजे जाने की प्रक्रिया की गई. वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अब तक चिह्नित सभी मतदान केंद्रों में न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं को क्रियाशील रखने तथा छोटे-मोटे मरम्मत कार्यों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया. उन्होंने बताया कि नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया अब भी जारी है तथा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के एक दिन पूर्व तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी.

उपायुक्त ने बताया कि नये मतदाता जिन्होंने अब तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करवाया है, वें फॉर्म 6 भर कर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं. साथ उन्होंने जानकारी दी कि वैसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उनके पास एपिक कार्ड या मतदाता पहचान पत्र नहीं है, वह अन्य विकल्पों यथा आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट इत्यादि के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं. बैठक में आम आदमी पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, आजसू पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा व इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रतिनिधि मौजूद थे.

## कई मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तित

- डीसी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक
- बड़कागांव व रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों के नाम बदले



**रामगढ़।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रवींद्र कुमार गुप्ता ने बड़कागांव एवं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन की जानकारी दी.

साथ ही मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन को लेकर हुए कार्यों एवं वर्तमान में किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया. वहीं, उपायुक्त ने मतदान केंद्रों के नाम तथा भवन को परिवर्तित करने संबंधित मामलों पर चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्देश दिए. उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन तथा आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों आदि की जानकारी दी.

# खिलाड़ियों को दिलाई गई शपथ

संवाददाता। रामगढ़



**मतदाता जागरूकता**

- सिदो कान्हू खेल क्लबों के साथ अनुमंडल कार्यालय में बैठक
- क्लबों को दो-दो फुटबॉल देकर सम्मानित किया गया

प्रखंड के ग्राम स्तरीय गठित सभी सिदो कान्हू खेल क्लबों के साथ शनिवार को अनुमंडल कार्यालय, रामगढ़ स्थित खेल कार्यालय कक्ष में बैठक की गई. इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेम्ब्रम ने रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत सभी गठित ग्रामीण स्तरीय सिदो कान्हू युवा खेल क्लबों को सोसाइटी एक्ट अधिनियम 1860 के तहत पंजीकरण कराने हेतु विस्तृत जानकारी दी.

सभी क्लबों को दो-दो फुटबॉल देकर सम्मानित किया गया. बैठक के दौरान आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप के तहत सभी क्लब के सदस्यों को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ दिलाई गई. 18 वर्ष और उससे उपर आयु वाले सभी लोगों से अपने मतदाधिकार का प्रयोग लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने और अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की अपील की गई. मौके पर लालेश्वर करमाली, प्रखंड कार्यालय रामगढ़ से विनीता कुमारी, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक भोला नाथ महली, प्रकाश महतो, सूरज मुंडा, खिलाड़ी एवं अन्य मौजूद थे.

## डीसी ने ईवीएम वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया



संवाददाता। रामगढ़

उपायुक्त चंदन कुमार ने शनिवार को छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उप निर्वाचन पदाधिकारी रवींद्र कुमार गुप्ता ने ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में जानकारी दी. इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी ली. मौके पर झामुमो से अरुण बनर्जी, आप से राजेश कुमार वर्मा, भाजपा से रंजन फौजी सहित अन्य उपस्थित थे.

#### अशोक रजक बने बीएन हाई स्कूल के प्रधानाचार्य

**चौपारण।** प्रखंड की बसरिया पंचायत में संचालित डॉ. बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय, बसरिया में बेलाही पंचायत के बरवाडीह निवासी अशोक रजक को प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का महौल है. ज्ञात हो कि वर्ष 2020 के सितंबर महीने में अशोक रजक का चयन अर्थशास्त्र शिक्षक के रूप में हुआ था. उन्होंने बहुत संघर्ष कर पढ़ाई पूरी कर इस मुकाम को पाया है. अशोक रजक की प्रारंभिक शिक्षा डॉ. बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय, बसरिया से ही हुई थी. उन्होंने वर्ष 2014 में सिदो-कान्हू विश्वविद्यालय से पीजी किया. उसके बाद लगातार 8 सालों तक बच्चों को नेतरहाट, नवोदय की परीक्षा का ट्यूशन देते रहे.

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 37 हजार 429 मामलों की हुई सुनवाई

# 31,880 मामलों का हुआ निपटारा

संवाददाता। हजारीबाग




**न्यायिक कवायद**

- 93 करोड़ 96 लाख 36 हजार 660 रुपये पर सहमति बनी
- लोगों की सुविधाओं के लिए लगातार काम कर रहा डालसा

सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्याय सदन में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 37 हजार 429 मामलों को सुलहनीय समझौता के लिए रखा गया था. इसमें कुल 31 हजार 880 मामलों का निष्पादन किया गया. वहीं, कुल 93 करोड़ 96 लाख 36 हजार 660 रुपये की राशि पर सहमति बनी.

इस राष्ट्रीय लोक अदालत की अगुवाई प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा कर रहे थे. मौके पर हजारीबाग बार संघ के अध्यक्ष राजकुमार, महासचिव सुमन कुमार सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम एसपी सिंह, न्यायिक पदाधिकारी, वकील और पक्षकार मौजूद थे. सभी ने वैकल्पिक विवाद समाधान के तहत इसे अपनाने की अपील की. जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के दिशा-निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार लोगों की सुविधाओं के लिए काम कर रहा है. कार्यक्रम में मंच संचालन न्यायिक पदाधिकारी अर्पिता नारायण ने किया.

**वित्त संबंधी मामलों का सबसे ज्यादा निपटारा**

बैंक रिकवरी के 6,382 मामले, सुलहनीय आपराधिक 140 मामले, बिजली के 384, भू-अर्जन के 1117, मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित 22, वैवाहिक विवाद से संबंधित 29, सिविल प्रकृति के 43, पानी बिल व अन्य टैक्स से संबंधित 5396, चेक बाउंस के 135, वित संबंधी 7104 और अन्य 11,128 मामलों का निपटारा पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर हुआ.

#### मनीष जायसवाल की जीत ऐतिहासिक होगी : सुनील

**हजारीबाग।** भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि हजारीबाग संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत ऐतिहासिक होगी. वह पार्टी के विचारों के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं. उन्होंने कहा कि मनीष जायसवाल जमीन से जुड़े नेता हैं और पिछले कई वर्षों से वह समर्पित भाव से पार्टी की सेवा कर रहे हैं. पार्टी ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी, उसका वो पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करते आए हैं. सुनील साहू ने यह भी कहा कि कुछ लोग झूठी अफवाह फैला कर यशवंत सिन्हा को समर्थन देने की बात कह रहे हैं, जो बिल्कुल गलत और निराधार है. वहीं हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने भी मनीष जायसवाल को अपना आशीर्वाद दिया है. उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें. कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके नेता हैं. वहीं, साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मनीष जायसवाल को ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील की है.

म. वि. खंभवा में मांडू विधायक जेपी पटेल ने रखी विकास की नींव

# किचेन सह स्टोर रूम का शिलान्यास

**विकास कार्य**

- डीएमएफटी फंड से होगा किचेन सह स्टोर रूम का निर्माण
- संवेदक को गुणवत्ता के साथ निर्माण करने का दिया निर्देश

संवाददाता। टाटीझरिया



प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय खंभवा परिसर में शनिवार को मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने किचेन सह स्टोर रूम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे पता चला था कि इस विद्यालय में किचेन और स्टोर रूम नहीं है, जिस वजह से यहां क्लास रूम में खाना बनाया जाता है.

सूचना मिलते ही प्राथमिकता के आधार पर डीएमएफटी फंड से इसे स्वीकृत करवाया. उन्होंने संवेदक को गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया. मौके पर प्रखंड भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह, होपन सिंह, अर्जुन राणा, अनिल राय, श्याम सुंदर सिंह, बोधी महतो, रोहित, अमरेश सिंह, सहदेव यादव, द्वारिका नाथ सिंह, चरित्र सिंह, इंद्रदेव साव, दीपक सिंह, महावीर मंडल, रीतलाल महतो, राजदीप साव समेत अन्य उपस्थित थे.

**कॉलेज में छात्रावास मरम्मती कार्य का शुभारंभ**

**विष्णुगढ़।** विधायक जेपी पटेल ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र में कई योजनाओं का शिलान्यास किया. इस क्रम में डीएमएफटी मद से टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज में 92 लाख की लागत से छात्रावास के मरम्मती कार्य का शुभारंभ किया. वहीं, प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में लाभुकों के बीच आंगनबाड़ी किट, अबुआ आवास स्वीकृति पत्र एवं 25 लाभुकों को पेंशन राशि दी. इसके बाद मध्य विद्यालय, विष्णुगढ़ के 8वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच 127 साइकिल का वितरित किया. विधायक ने भेलवारा पंचायत अंतर्गत बिसुईया उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में किचेन सह स्टोर के निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखी.

**फौरी राहत**

ऋत्विक कंपनी में 48 घंटे से चल रहा चालक संघ का आंदोलन सकारात्मक वार्ता के बाद वापस

# मृतक की पत्नी को 50 हजार नकद व 2.25 लाख का चेक सौंपा

संवाददाता। केरेडारी



**वार्ता सफल**

- 7 मार्च को अग्निशमान वाहन के चालक की हो गई थी मौत
- कार्य अवरुद्ध होने से कंपनी को 5 :30 करोड़ का नुकसान

प्रखंड क्षेत्र के एनटीपीसी चट्टी बारियातु कोल माइंस में कार्य कर रही ऋत्विक कंपनी के चालक की बीते 7 मार्च को मौत के बाद चालक संघ द्वारा शव के साथ प्रदर्शन किया जा रहा था. करीब 48 घंटे बाद कंपनी की ओर से वार्ता होने के बाद शनिवार शाम 4 बजे आंदोलन वापस ले लिया गया. कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, माइंस में उत्खनन व ट्रांसपोर्टिंग कार्य अवरुद्ध होने के कारण कंपनी को 4:30 से 5:30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है.

वार्ता में हुए समझौता के अनुसार, मृतक गुड्डू मुंडा के अंतिम संस्कार के लिए 50 हजार नकद, पत्नी सुकरी देवी के नाम 2.25 लाख का चेक प्रदान किया गया है. इसके अलावा मृतक की पत्नी को 25 हजार रुपये प्रतिमाह के वेतनमान पर कंपनी में सुपरवाइजर की नौकरी, विभागीय पेंशन, मृतक के दोनो बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक प्रत्येक माह 2000 रुपये सहायता राशि देने का सहमति पत्र सौंपा गया. ज्ञात हो कि जोरदाग निवासी गुड्डू मुंडा ऋत्विक कंपनी में अग्निशामक वाहन चलाता था. बीते 12 फरवरी को पेट में दर्द होने के कारण छुट्टी लेकर घर में रहने लगा. स्थानीय स्तर पर इलाज के बाद भी सेहत में सुधार नहीं होने पर रिम्स, रांची में इलाज करा रहा था. वहां 7 मार्च को सुबह 9 बजे उसका निधन हो गया था.

वार्ता में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, प्रमुख सुनीता देवी, सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल, थाना प्रभारी अजीत कुमार, चट्टी बारियातु मुखिया झरीलाल महतो, पचड़ा मुखिया महेश प्रसाद साव, कांग्रेस नेता प्रेमरंजन पासवान, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुंदर प्रसाद गुप्ता, पंसस प्रतिनिधि महेंद्र रजक, पूर्व पंसस मनोज गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, किशोर सोनी के अलावा कंपनी की ओर से एनटीपीसी केरेडारी माइंस के अपर महाप्रबंधक एसपी गुप्ता, अपर महाप्रबंधक रोहित पाल, सीबी माइंस के अपर महाप्रबंधक मृत्युंजय वर्मा, ऋत्विक कम्पनी के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर रिजवान शरीफ, आर एंड आर विभाग से संतोष कुमार, लाइजनर रवि सिन्हा, अनुराग कुमार आदि मौजूद थे.

**प्रवासी महिला मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत**

**केरेडारी।** केरेडारी थाना क्षेत्र में रेलवे में काम करने पहुंची प्रवासी महिला मजदूर की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई. मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के सतना जिला अंतर्गत बिटारी रामनगर की रहने वाली मीरा कोल के रूप में हुई है. घटना बीते 8 मार्च की देर रात की है. घटना के बाद वीवी इंफ्रा के सुपरवाइजर ने केरेडारी थाना को सूचना दी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया. पोस्टमार्टम के बाद कंपनी द्वारा मृतका के शव को परिजनों को सौंप दिया गया. वीवी इंफ्रा के कर्मी ने बताया कि बीती रात महिला को पेट दर्द की शिकायत हुई थी. जिसके बाद उसे दवा दी गई, लेकिन कुछ देर बाद ही महिला की मौत हो गई. वहीं, मृतका के पिता का कहना है कि उनकी बेटी की मौत के 6 घंटे बाद कर्मी ने फोन पर सूचना दी. उन्होंने स्थानीय पुलिस से मामले की जांच कराने की मांग की है.

## मंदिर परिसर में मांस और हड्डियां मिलीं, अफरा-तफरी

संवाददाता। टाटीझरिया

**आक्रोश व्याप्त**

- दोनों समुदायों ने की बैठक, कल लिया जाएगा निर्णय
- बुद्धिजीवियों की सूझबूझ से गांव में हालात नियंत्रण में

थाना क्षेत्र अंतर्गत बौधा गांव के शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के दिन प्रतिबंधित मांस के लोथड़े और हड्डियां मिलने से कुछ समय तक अफरा-तफरी का माहौल रहा. गांव के दोनों संप्रदाय के प्रबुद्ध लोगों ने आपसी बैठक कर तत्काल प्रतिबंधित सामग्रियों को मंदिर अहाते से बाहर करवाया. निश्चित किया गया कि महाशिवरात्रि के बाद इस संबंध में दोनों समुदाय के लोग बैठक कर उचित निर्णय लेंगे.

प्राप्त जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन गांव की महिलाएं मंदिर परिसर की साफ-सफाई करने पहुंची थीं. इसी क्रम में उन्होंने प्रतिबंधित मांस के और हड्डियां परिसर में देखा. इस मामले को शनिवार सुबह डहरभंगा पंचायत और बौधा गांव के मुस्लिम समुदाय के कई लोग बैठक में शामिल हुए और फिर निर्णय को सोमवार तक के लिए टाल दिया गया है. ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी नाजो सिंह के आंगन में नाश्ते के डब्बे में हड्डियां पैक कर रात में रख दिया गया था. अब मंदिर अहाते में मांस मिलने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है. फिलहाल दोनों पक्षों के बुद्धिजीवियों की पहल पर स्थिति नियंत्रण में है.

